**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–465) अलेसे– I/1012** **दिनांकः– 5/2/19**

**कार्यालय आदेश**

श्री मुकेश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, (लिंक नं. 5385), कार्यालय–कोषालय, भरतपुर (पूर्व पदस्थापित कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्य जीव, भरतपुर) का विभागीय आदेश दिनांक 24.12.2017 के द्वारा पदस्थापन जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–I), भरतपुर में सहायक लेखाधिकारी के पद पर किया गया था। श्री शर्मा को उक्त कार्यालय द्वारा कार्यमुक्त नहीं करने एवं उनके स्थान पर स्थानान्तरणाधीन कार्मिक श्री नोहवत सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के कार्यग्रहण करने एवं उक्त कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी का एक ही पद स्वीकृत होने के फलस्वरूप श्री मुकेश शर्मा का माह जून, 2018 एवं जुलाई, 2018 का वेतन आहरण नहीं हो सका है।

अतः श्री शर्मा का माह जून एवं जुलाई 2018 का वेतन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–I), भरतपुर में रिक्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
**निदेशक**

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–465) अलेसे– I/** **दिनांकः–**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1 जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–I), भरतपुर को भेजकर लेख है कि संबंधित लेखाकर्मी का गत भुगतान प्रमाण पत्रानुसार उक्त अवधि के वेतन का भुगतान करावें।
2 उप वन संरक्षक (वन्य जीव), भरतपुर।
3 कोषाधिकारी, भरतपुर।
4 श्री मुकेश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय–कोषालय, भरतपुर को निर्देश दिये जाते हैं कि वे अपना गत भुगतान प्रमाण पत्र संबंधित विभाग/कार्यालय को प्रस्तुत करें।
5 अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6 उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7 रक्षित पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)**

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.inFax-2740735, Tel.- 2744134
D:\2016\M.M.Meena\Orders.doc